# उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

## प्रशासकीय परिषद्

### पच्चीसवीं बैठक दिनांक 04–02–2022

<u>कार्यवृत्त</u>

प्रशासकीय परिषद् की दिनांक 04–02–2022 को ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न पच्चीसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| कमांक | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव,<br>निदेशक, आई0आई0टी0–के0<br>लॉट्रोपे यूनिवर्सिटी रिसर्च एकेडमी,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अमृत अभिजात,<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>लखनऊ। | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 पी0के0 मिश्रा,<br>मा0 कुलपति, ए0के0टी0यू0,<br>लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | डा0 आर0एस0 रंगासामी,<br>प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, आई0आई0टी0,<br>दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | डा0 एस0पी0 बोरकर,<br>प्रोफेसर, वी0जे0टी0आई0, मुम्बई। | सदस्य |
| 6. | डा0 डी0पी0 चट्टोपाध्याय,<br>सेवानिवृत्त प्रोफेसर, एम0एस0 यूनिवर्सिटी, बड़ौदा। | सदस्य |
| 7. | डा0 शिखा सिंह,<br>एसोसिएट प्रोफेसर, पी0पी0एन0 कॉलेज, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 पी0वी0 कडोले,<br>प्रिंसिपल, डी0के0टी0ई0, टेक्सटाइल एण्ड इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट,<br>इचलकरंजी, महाराष्ट्र। | सदस्य |
| 9. | डा0 समीर खाण्डेकर,<br>विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं प्रतिनिधि, निदेशक,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | डा0 जे0 वेंकट राव,<br>सी0ई0ओ0, टेक्सटाइल सेक्टर, स्किल कौउन्सिल,<br>नयी दिल्ली। | सदस्य |
| 11. | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान,<br>प्रतिनिधि, वस्त्र उद्योग, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | डा0 प्रशान्त विश्नोई,<br>विभागाध्यक्ष टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, यू0पी0टी0टी0आई0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | डा0 गोविन्दन नलनकिल्ली,<br>निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | सदस्य सचिव |

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सके।

| | | |
|---|---|---|
| 01. | अपर मुख्य सचिव,<br>वित्त विभाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 02. | श्री मनोज कुमार,<br>निदेशक, उ0प्र0 तकनीकी शिक्षा निदेशालय, कानपुर। | सदस्य |
| 03. | श्री जतिन वर्मा,<br>प्रतिनिधि, उद्यमी, लखनऊ। | सदस्य |

सर्वप्रथम प्रशासकीय परिषद के नव नियुक्त सदस्यों का प्रशासकीय परिषद से परिचय कराया गया। सदस्य सचिव द्वारा परिषद से अध्यक्ष महोदय से 25वीं बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की। अध्यक्ष महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाने की अनुमति प्रदान की।

**25.01 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की चौबीसवीं बैठक के कार्यवृत्त के पुष्टिकरण का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 15–01–2021 को ऑन लाईन माध्यम से सम्पन्न चौबीसवीं बैठक के कार्यवृत्त का प्रशासकीय परिषद ने सर्वसम्मति से सम्पुष्टिकरण किया।

**25.02 15 जनवरी, 2021 को सम्पन्न होने वाली चौबीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से मा0 प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रशासकीय परिषद की चौबीसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से बिन्दुवार परिषद को अवगत कराया गया। मा0 प्रशासकीय परिषद द्वारा कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया।

**25.03 संस्थान की 19वीं वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं 2019–20 एवं 2020–21 की बैलेन्ससीट से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

मा0 प्रशासकीय परिषद ने वित्त समिति की दिनांक 30–03–2021 को सम्पन्न उन्नीसवीं बैठक के कार्यवृत्त एवं 2019–20, 2020–21 की बैलेन्ससीट का अवलोकन किया एवं कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया।

**25.04 संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

मा0 प्रशासकीय परिषद ने एकेडमिक कौंसिल की दिनांक 15–09–2021 को सम्पन्न आठवीं बैठक एवं 24–01–2022 को सम्पन्न नौवीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन किया। परिषद ने छात्र–छात्राओं की परीक्षा परिणाम एवं गेट 2021 के परिणामों से संतुष्टि प्रकट की।

**25.05 संस्थान के विभिन्न डिग्री पाठ्यकमों में प्रवेशार्थियों तथा प्लेसमेन्ट की स्थिति में सुधार के लिए कार्य योजना के संबंध में प्रस्ताव।**

मा0 परिषद ने 2020–21 तथा वर्तमान सत्र में प्लेसमेन्ट की स्थिति का अवलोकन किया। परिषद ने निदेशक द्वारा प्रवेशार्थियों तथा प्लेसमेन्ट की स्थिति में सुधार के लिए प्रस्तुत कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की एवं निम्न सुझाव दिये।

(क) संस्थान में चल रहे पाठ्यकमों में उद्योगों की आवश्यकता एवं आधुनिक तकनीकी विकास को देखते हुये बदलाव किये जाये।

(ख) उद्योगों के साथ बेहतर तालमेल के एवं प्लेसमेन्ट के लिए समय–समय पर इंडस्ट्री मीट का आयोजन किया जाय।

(ग) संस्थान के कुछ पाठ्यकमों में कोई भी नियमित शिक्षक नहीं है एवं कुछ पाठ्कमों में शिक्षकों हेतु पद भी सृजित नहीं है। परिषद ने पदों के सृजन हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये।

(घ) सदस्यों ने सुझाव दिया कि संस्थान के अच्छे पहलुओं का प्रवेशार्थियों के मध्य व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय।

**25.06 संस्थान की शैक्षिक परिषद में प्रशासकीय परिषद द्वारा दो सदस्य नामित करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

मा0 प्रशासकीय परिषद ने आई0आई0टी0 दिल्ली के प्रोफेसर डा0 बी0के0 बेहेरा एवं गार्डन सिल्क मिल्स, सूरत के वाइस प्रेसिडेन्ट टेक्निकल श्री राजीव कटियार को संस्थान की शैक्षिक परिषद में 03 वर्ष के लिए नामित करने का अनुमोदन प्रदान किया।

**25.07 मा0 न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराये जाने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद विभिन्न न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई।

**25.08 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

परिषद निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई साथ ही परिषद ने निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रस्तुत तालिका में कार्य के पूर्ण होने की तिथि का भी उल्लेख करने का निर्देश दिया जिससे कि यदि किसी परियोजना में विलम्ब होता है तो कार्यदायी संस्था को उचित समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये जा सके। इसके अतिरिक्त परिषद ने बिल्डिंग वर्क्स कमेटी द्वारा निर्माण कार्यों का पूर्व अवलोकन कर उसके कार्यवृत्तों को परिषद के समक्ष रखने के निर्देश दिये।

**25.09 संस्थान में ए0के0टी0यू0, लखनऊ द्वारा संचालित पं0 दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति से अवगत कराने का प्रस्ताव।**

परिषद ने पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम में हुई प्रगति का अवलोकन किया।

**25.10 संस्थान की रिक्त शैक्षिक पदों की केन्द्रीयकृत फैकल्टी चयन प्रकिया की अद्यतन स्थिति से अवगत कराने का प्रस्ताव।**

परिषद ने केन्द्रीयकृत फैकल्टी चयन प्रकिया की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई एवं चयन प्रकिया विश्वविद्यालय के साथ समन्वय करते हुये शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

**25.11 संस्थान के रिक्त तृतीय श्रेणी के लिपिक संवर्ग के पदों पर नियमित नियुक्ति न होने तक सेवाप्रदाता के माध्यम से आवश्यकतानुसार स्वीकृत पदों के सापेक्ष पदों को भरने की अनुमति देने का प्रस्ताव।**

परिषद ने प्रस्ताव का अवलोकन किया एवं नियमित नियुक्ति न होने तक सेवाप्रदाता के माध्यम से आवश्यकतानुसार स्वीकृत पदों के सापेक्ष पदों को भरने की अनुमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि संस्थान के रिक्त लिपिक/तकनीकी सम्वर्ग के पदों को उ0प्र0 राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग/संस्थान स्तर से भरे जाने के संबंध में स्पष्टता हेतु प्रस्ताव शीघ्र शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये।

**25.12 संस्थान के प्रशासकीय परिषद में संकाय सदस्य को चक्रीय क्रम के आधार पर नामित करने का प्रस्ताव।**

प्रशासकीय परिषद डा0 मुकेश कुमार सिंह को डा0 प्रशान्त विश्नोई के कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात् 01 वर्ष के लिए प्रशासकीय परिषद में सदस्य के रूप में नामित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया।

**25.13 राज्य सरकार शासनादेश के क्रम में सीनियर लैक्चरर से चयन वेतनमान में न्यूनतम 04 वर्ष का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने संस्थान के 04 शिक्षकों को राज्य सरकार के शासनादेश के कम में सीनियर लैक्चरर से चयन वेतनमान में पी0एच0डी0 प्राप्त करने के कारण न्यूनतम 04 वर्ष का लाभ दिये जाने के सम्बन्ध में निदेशक द्वारा की गयी कार्यवाही का अवलोकन किया। परिषद ने निदेशक को निर्देश दिये कि शासनादेश के कम में समिति गठित कर प्रकिया के अन्तर्गत कार्यवाही की जाय। इसके अतिरिक्त कार्यवाही पूर्ण होने तक संस्थान के शिक्षकों को संस्थान के निदेशक द्वारा दिनांक 17–07–2021 को जारी आदेशों को निरस्त करने के निर्देश दिये।

**25.14 संस्थान के शिक्षकों के CAS के अंतर्गत प्रमोशन में अनियमितता की जांच के सम्बन्ध में।**

परिषद ने शासन के पत्र के संबंध में शासन द्वारा गठित समिति की जॉच ऑख्या व संबंधित शासनादेशों पर विस्तृत चर्चा की। परिषद ने प्रकरणों की जटिलता को देखते हुये एक समिति बनाने का निर्णय लिया। जिसकी संस्तुतियों के अनुरूप अगली प्रशासकीय परिषद की बैठक में निर्णय लिया जा सके। परिषद ने सर्वसम्मति से समिति के गठन हेतु प्रशासकीय परिषद के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष को नामित किया।

**25.15 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।**

कोई अन्य प्रस्ताव न होने पर परिषद की कार्यवाही सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| (डा0 गोविन्दन नलनकिल्ली)<br>निदेशक एवं सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर। | (श्री अमृत अभिजात)<br>उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर।<br>एवं प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | (डा0 सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव)<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,<br>कानपुर।<br>एवं निदेशक, आई0आई0टी0–के0<br>लॉट्रोपे यूनिवर्सिटी रिसर्च एकेडमी,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। |
| सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान<br>कानपुर | उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर | अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद<br>उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान<br>11/208, सूटरगंज, कानपुर |